**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1084**

**सोमवार, 02 दिसम्बर, 2024 / 11 अग्रहायण, 1946 (शक)**

**ईएसआई अस्पतालों में पदों की संख्या**

**1084. श्री दरोगा प्रसाद सरोज:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए नवसृजित पदों की कुल संख्या तथा नियमित समूह 'क' पदों तथा विगत 20 वर्षों के दौरान स्थापित नए ईएसआई अस्पतालों में की गई भर्ती का संस्था-वार/ श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) समूह 'क' और अन्य पदों पर संविदा आधार पर संस्था-वार/ श्रेणी-वार कार्यरत कर्मचारी की संख्या कार्य कर रहे हैं;

(ग) समूह 'क' तथा अन्य पदों पर अंतराल सहित अथवा बिना अंतराल के संविदा आधार पर कार्यरत कर्मचारियों की कार्यावधि (वर्ष और माह) तथा कुल स्वीकृत पदों के सापेक्ष ऐसे कर्मचारियों के संस्था-वार/ श्रेणी वार/ पद-वार/ विभाग-वार प्रतिशत का ब्यौरा क्या है; और

(घ) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित कुल स्वीकृत पदों के सापेक्ष नियमित, तदर्थ और संविदा आधार पर कार्यरत सामान्य श्रेणी के कर्मचारियों की पद-वार और संस्था-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (घ): अध्यापन निकाय, विशेषज्ञ ग्रेड II एवं बीमा चिकित्सा अधिकारी ग्रेड II के समूह क चिकित्सीय पदों पर भर्ती क्षेत्रवार की जाती है। वर्ष 2008 से 31.03.2024 तक देश भर में समूह क चिकित्सीय पदों में 5242 लोगों का चयन किया गया है। श्रेणी-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| अ.जा. | अ.ज.जा. | अ. पि. व. | ईडब्ल्यूएस | अनारक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 784 | 313 | 1280 | 74 | 2791 |

वर्ष 2008 से 31.03.2024 तक पराचिकित्सीय एवं नर्सिंग संवर्ग के ग्रेड में 5321 लोगों का चयन किया गया। श्रेणी-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| अ.जा. | अ.ज.जा. | अ. पि. व. | ईडब्ल्यूएस | अनारक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 667 | 393 | 1137 | 70 | 3054 |

नियमित आधार पर, संविदा आधार पर और तदर्थ आधार आदि पर कार्य कर रहे कर्मचारियों के ब्यौरे केन्द्रीय रूप से नहीं रखे जाते हैं।

*****